हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

ग्यारहवां सत्र

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 19 मार्च, 2026/28, फाल्गुन, 1947 (शक्)

[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].

कुल प्रश्न - 10

डिग्री कॉलेज, मसरूंड

1572 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत डिग्री कॉलेज मसरूंड को सरकार द्वारा डिनोटिफाई किया गया था; क्या सरकार इसे पुनः खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पदपूर्ति

1573 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में जल शक्ति विभाग बड़सर मण्डल में कितने पद सृजित हैं; इनमें से कितने पद भरे गए तथा कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा उप-मंडलवार व खंडवार दें?

सृजित पद

1574 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला हमीरपुर के बिझड़ी विकास खण्ड में किस-किस श्रेणी के कितने-कितने पद सृजित हैं; इनमें से कितने पद भरे गए व कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

सामाजिक सुरक्षा पेंशन

1575 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत वृद्धा, विधवा व अपंगता पेंशन हेतु कितने पात्र व्यक्तियों ने आवेदन किया; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ख) इन आवेदनकर्ताओं में से कितनों को पेंशन स्वीकृत की गई है व कितने शेष हैं; ब्यौरा दें?

पम्प हाउस

1576 **श्री इन्द्र सिंह गाँधी (बल्ह):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बल्ह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति मंडल बग्गी में वर्ष 2023 व 2025 में हुई त्रासदी से पम्प हाउस की मोटरें, नलकूप इत्यादि बार-बार खराब हो रहे हैं; इनका नवीनीकरण कब तक किया जाएगा व इनकी मरम्मत हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है तथा कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें?

प्रधानमंत्री आवास योजना

1577 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गत वर्ष से दिनांक 31 जनवरी, 2026 तक प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में नए आवासों के निर्माण हेतु सर्वेक्षण किया गया है; यदि हां, तो कितने पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर स्वीकृति हेतु अग्रेषित किया गया है; पंचायतवार ब्यौरा दें?

एंटी हेल नेट सब्सिडी

1578 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.01.2026 तक बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एंटी हेल नेट सब्सिडी हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई तथा कितनी वितरित की जा चुकी है; यह धनराशि कब-कब वितरित की गई है; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र में लाभान्वित बागवानों के नाम, पते, स्वीकृत धनराशि तथा वितरण स्थिति का ब्यौरा दें?

ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क

1579 **श्री सुरेन्द्र शौरी (बंजार):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क से प्रभावित पंचायतों की संख्या कितनी है; इस पार्क के अंतर्गत इको-डवलपमेंट/मुआवजा/आजीविका योजनाओं पर कितना व्यय हुआ; और

(ख) स्थानीय युवाओं को रोज़गार देने हेतु कोई नीति या प्रावधान है; अब तक किस तरह का लाभ पार्क क्षेत्र या उसके आसपास के स्थानीय लोगों को दिया गया है; ब्यौरा दें?

पी0डी0एन0ए0

1580 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) लोक निर्माण विभाग द्वारा क्या PDNA (Post Disaster Needs Assessment) के विभिन्न कार्यों पर व्यय किया गया है; यदि हां, तो इन कार्यों पर कितनी धनराशि व्यय की गई;

(ख) क्या इन कार्यों की जिओ टैगिंग की गई है, क्या जिओ टैगिंग के बाहर भी इन पैसों को लगाया जा सकता है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो इस हेतु कौन अधिकारी उत्तरदायी है; और

(ग) बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत लूहणु मैदान की दीवार क्या PDNA(Post Disaster Needs Assessment) के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा लगाई जा रही है; ब्यौरा दें?

महिला आई0टी0आई0

1581 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर)ः**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला बिलासपुर की एक महिला आई0टी0आई0 को किसी अन्य संस्थान में विलय किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस निर्णय के क्या कारण हैं; क्या सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **यशपाल शर्मा,**

12 मार्च, 2026 . **सचिव**